सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

**Public Notice**

**27 March 2026 / 06 चैत्र 1948**

**Sub: Conduct of Stage–2 of NIFTEE–2026 for Shortlisted Candidates - Reg.**

The National Testing Agency (NTA) conducted the NIFT Entrance Examination (NIFTEE)–2026 Stage 1 for admission to various Undergraduate (UG) and Postgraduate (PG) programmes for the Academic Session 2026–27 on **08 February 2026 (Sunday)** at **129 centres across 97 cities** in India, in Hindi and English mediums, in Computer Based Test (CBT) and Paper Based Test (PBT) modes, as applicable, and the result of Stage–1 was declared on **20 March 2026**.

Shortlisting for Stage–2 was done on the basis of candidates' performance in Stage–1 and in accordance with the approved category-wise seat matrix and shortlisting criteria laid down by NIFT, wherein candidates have been shortlisted in the ratio of **1:4 (one seat to four candidates)**, category-wise, subject to applicable conditions for PwD candidates.

In this regard, the details of Stage–2 are as follows:

**1. Stage–2 for PG Programmes (Personal Interviews)**

The Personal Interviews for PG programmes, namely **M.Des., M.F.M., and M.F.Tech.**, will be conducted from **06 April to 11 April 2026** at **New Delhi only**. All shortlisted candidates are required to appear for the Personal Interview at the designated venue in New Delhi as per the **date, time, and reporting instructions mentioned in their Interview Call Letter**. No request for change of date or venue shall be entertained.

**2. Stage–2 for UG Programmes**

*i.* For **Bachelor of Design (B.Des.)**, a **Situation Test** will be conducted in designated cities across Bharat to assess the candidate's ability in model construction, material handling, creativity, and innovation.

*ii.* For **B.Des. (NLEA)** candidates, the **Studio Test and Personal Interview** will be conducted on the same day at the designated Test Centre.

*iii.* For candidates under **B.Des. (Artisans) category**, the **Artisan Skill Test and Personal Interview** will also be conducted on the same day at the designated Test Centre.

*iv.* For **B.F.Tech. (NLEA)** candidates, a **Technical Ability Test (TAT)** in paper-based (OMR) format along with **Personal Interview** will be conducted on the same day as per schedule.

The Stage–2 Examination for UG programmes will be conducted in approximately **20 cities** across the country. The details regarding the *date of examination of Stage 2 for UG Programmes, city of examination, centre, reporting time, and other instructions* will be mentioned in the respective **Admit Cards**, which will be issued in due course.

Candidates are advised to regularly visit the official websites https://exams.nta.nic.in/niftee/ and www.nta.ac.in for the latest updates.

For any queries or assistance, candidates may contact NTA at **011-40759000** or write at nift@nta.ac.in.

Director, NTA

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
**National Testing Agency**
Excellence in Assessment

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

सत्यमेव जयते

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

**सार्वजनिक सूचना**

**दिनांक: 27 मार्च 2026 / 06 चैत्र 1948**

**विषय: NIFTEE–2026 के चरण–2 का आयोजन (चयनित अभ्यर्थियों हेतु) – संबंधी।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु विभिन्न स्नातक (UG) एवं स्नातकोत्तर (PG) कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए NIFT प्रवेश परीक्षा (NIFTEE)–2026 (चरण–1) का आयोजन दिनांक **08 फरवरी 2026 (रविवार)** को देश के **97 शहरों में स्थित 129 परीक्षा केन्द्रों** पर हिंदी एवं अंग्रेज़ी माध्यम में, संगणक आधारित परीक्षा (CBT) तथा लेखन आधारित परीक्षा (PBT) पद्धति में (कार्यक्रमानुसार) किया गया था तथा चरण–1 का परिणाम दिनांक **20 मार्च 2026** को घोषित किया गया।

चरण–2 हेतु अभ्यर्थियों का चयन चरण–1 में उनके प्रदर्शन के आधार पर तथा निफ्ट द्वारा निर्धारित श्रेणी-वार स्वीकृत आसन व्यवस्था एवं चयन मानदंडों के अनुसार किया गया है, जिसमें अभ्यर्थियों को **1:4 (एक आसन पर चार अभ्यर्थी)** के अनुपात में, श्रेणी-वार चयनित किया गया है, जो दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन है।
इस संबंध में चरण–2 का विवरण निम्नानुसार है:

**1. स्नातकोत्तर कार्यक्रमों (PG) हेतु चरण–2 (व्यक्तिगत साक्षात्कार)**: स्नातकोत्तर कार्यक्रमों, अर्थात् **एम. डिज़ाइन (M.Des.), एम.एफ.एम. (M.F.M.) एवं एम.एफ.टेक. (M.F.Tech.)** के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन **06 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026** तक **केवल नई दिल्ली** में किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनके साक्षात्कार कॉल पत्र में उल्लिखित तिथि, समय एवं रिपोर्टिंग निर्देशों के अनुसार निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। तिथि या स्थान परिवर्तन हेतु किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**2. स्नातक कार्यक्रमों (UG) हेतु चरण–2:**

*i.* ***बैचलर ऑफ डिज़ाइन (B.Des.)*** *के लिए निर्धारित शहरों में* ***परिस्थितिजन्य परीक्षा (Situation Test)*** *आयोजित की जाएगी, जिसमें अभ्यर्थियों की मॉडल निर्माण, सामग्री प्रबंधन, सृजनात्मकता एवं नवाचार क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा।*

*ii.* ***B.Des. (NLEA)*** *अभ्यर्थियों के लिए* ***स्टूडियो टेस्ट एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार*** *का आयोजन उसी दिन संबंधित परीक्षा केन्द्र पर किया जाएगा।*

*iii.* ***B.Des. (कारीगर श्रेणी)*** *के अभ्यर्थियों के लिए* ***कारीगर कौशल परीक्षा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार*** *का आयोजन भी उसी दिन संबंधित परीक्षा केन्द्र पर किया जाएगा।*

*iv.* ***B.F.Tech. (NLEA)*** *अभ्यर्थियों के लिए* ***तकनीकी योग्यता परीक्षा (TAT)*** *(OMR आधारित) तथा* ***व्यक्तिगत साक्षात्कार*** *का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार उसी दिन किया जाएगा।*

स्नातक कार्यक्रमों हेतु चरण–2 परीक्षा देश के लगभग **20** शहरों में आयोजित की जाएगी। चरण–2 (UG कार्यक्रमों) की *परीक्षा तिथि, परीक्षा शहर, केन्द्र, रिपोर्टिंग समय तथा अन्य निर्देशों* का विवरण संबंधित प्रवेश पत्र (Admit Card) में दिया जाएगा, जिसे नियत समय पर जारी किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे नवीनतम अद्यतनों हेतु आधिकारिक वेबसाइटों https://exams.nta.nic.in/niftee/ तथा www.nta.ac.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।
किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी हेतु अभ्यर्थी दूरभाष संख्या **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा **nift@nta.ac.in** पर अणु-डाक के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

**निदेशक, एन.टी.ए**